# ओ भोलेनाथ | By Priyanka Sonkar |

डम डम डमरू बाजे तेरा
झूम उठे संसार
शिवरात्रि का दिन है पावन
ओ भोलेनाथ नाचे भक्त तेरे दरबार

मस्तक चंदा जटा में गंगा
उमापति कहलाए
वस्त्र खाल बाघम्बर सोहे
भांग धतूरा खाए
भूतनाथ तेरा धाम बड़ा है
महिमा अपरंपार
ओ भोलेनाथ नाचे भक्त तेरे दरबार

त्रिपुरारी भोले भंडारी
बेड़ा पार लगाए
ओ शिव शंकर नाम जपू तेरा
बिगड़ी मेरी बनाए
शिव दीवानी जीवन जब तक
दूजा कोई ना भाए
ओ भोलेनाथ नाचे भक्त तेरे दरबार

ऊंचा ऊंचा मंदिर तेरा
नंदी की सवारी
मैं पापी चरणों में बिठा ले
तेरे दर का भिखारी
कानन कुंडल नाग फणी के
चंद्र सोहे भाल
ओ भोलेनाथ नाचे भक्त तेरे दरबार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-priyanka-sonkar/